उप महाप्रबंधक का कार्यालय
बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0,
पी0 आई0 यू0, भागलपुर।
पताः– मकान सं0–121, हटिया रोड, तिलकामांझी, भागलपुर।
फोन–(0641)–3529143 Email-dgmbsbccl.bhagalpur@gmail.com

पत्रांक– 315 (अनु0) दिनांक– 31-05-2025

प्रेषक,

उप महाप्रबंधक,
बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि०,
भागलपुर।

सेवा में

Ranjeet Kumar,Gram- Padariya,
P.O.- Khakai, Dist- Jamui

विषयः– औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बौंसी बांका में CoE अंतर्गत Model Double Storey Prefab Structure (G+1) का निर्माण कार्य के विलम्ब के कारण **आगामी निविदा में भाग लेने से वंचित** करने के संबंध में।

प्रसंग–1.अधोहस्ताक्षरी का पत्रांक–292,दि0–23.05.25 पत्रांक –130,दि0–27.02.25, पत्रांक –19दि0–04.01.25, पत्रांक –656 दि0–18.12.2024,

महाशय्

उपर्युक्त विषयक एवं प्रासंगिक पत्रों के संबंध में कहना है कि विषयांकित कार्य हेतु आपके द्वारा एकरारनामा 02SBD/2024–25 किया गया है। जिसके अनुसार कार्य प्रारंभ की तिथि– 19.08.2024 तथा कार्य पूर्णता की तिथि– 18.05.2025 है। एकरारनामा के अनुसार आपका समय व्यतीत हो चुका है किन्तु कार्य की प्रगति 80 प्रतिशत ही है।

1. इस कार्यालय द्वारा विभिन्न प्रसंगाधीन पत्रों के माध्यम से आपको कार्य की प्रगति में तेजी एवं ससमय पूर्ण करने हेतु निदेशित किया गया था।
2. इस कार्यालय का पत्रांक– 292 (अनु0) दि0–23.05.2025, एवं पत्रांक– 130, दिनांक–29.02.2025 के द्वारा आपके द्वारा **कार्य के प्रति शिथिलता, के कारण स्पष्टीकरण एवं अगामी निविदा मे भाग लेने से वंचित किया जाने हेतु चेतावनी** दी गई थी किन्तु आपके द्वारा न हीं स्पष्टीकरण का जबाव दिया गया और न हीं कार्य योजना समर्पित किया गया।
3. दिनांक– 04.04.2025 को VC के माध्यम से उक्त योजना के समीक्षात्मक बैठक में आपके प्रतिनिधि द्वारा सभी कार्य दिनांक– 15.05.2025 तक पूर्ण करने हेतु आश्वासन दिया गया था, परन्तु 20% प्रति कार्य बचा ही हुआ है। जो इस महत्वाकांक्षी योजना में आपके द्वारा बरती जा रही शिथिलता को पुष्ट करता है।

अतः सम्यक विचारोपरान्त एकरारित समय सीमा के अन्तर्गत निर्माण कार्य को पूर्ण ना करने एवं कार्य में शिथिलता बरतने के कारण विषयांकित कार्य के पूर्ण होने तक आपको **आगामी निविदाओं मे भाग लेने से वंचित** किया जाता है। साथ ही निदेश दिया जाता है कि शेष बचे कार्यो को दो शिफ्ट में युद्ध स्तर पर कराते हुए अविलम्ब पूर्ण किया जाय।

अनु0–यथोक्त।

विश्वासभाजन

(हस्ताक्षर) 31/5/25

उप महाप्रबंधक,
बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0,
पी0 आई0 यु0 भागलपुर।

ज्ञापांक– 315 (अनु0) दिनांक– 31-05-2025

प्रतिलिपि– 1. महाप्रबंधक (परियोजना)/महाप्रबंधक (दक्षिण), बि0रा0भ0नि0नि लि0, पटना को सूचनार्थ समर्पित।
2. आई0 टी0 मैनेजर बि0रा0भ0नि0नि0लि0,पटना को बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

(हस्ताक्षर) 31/5/25

उप महाप्रबंधक,बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0,
पी0 आई0 यू0, भागलपुर।

उप महाप्रबंधक का कार्यालय
बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0,
पी0 आई0 यू0, भागलपुर।
पता:– मकान सं0–121, हटिया रोड, तिलकामांझी, भागलपुर।
फोन–(0641)–2611047 Email-dgmbsbccl.bhagalpur@gmail.com

पत्रांकः– 292 दिनांकः– 23-05-2025

प्रेषक,

उप महाप्रबंधक
बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि०,
पी०आई०यू० भागलपुर ।

सेवा में,

Ranjeet Kumar
Gram- Padariya, PO- Khakai, Dist-Jamui.

विषयः– राज्य सरकार के सात निश्चय –2 के अंतर्गत Tata Technologies के सहयोग से औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान फेज –2 के अंतर्गत Model Double Storey Prefab Structure (G+1) संरचना वाले भवन भवन का निर्माण कार्य में प्रगति धीमी रहने के संबंध में।

प्रसंगः– इस कार्यालय का पत्रांक–130(अनु०), दिनांक–27.02.2025 पत्रांक–19(अनु०), दिनांक–04.01.2025 पत्रांक–656(अनु०), दिनांक–18.12.2024

महाशय,

उपर्युक्त विषयक एवं प्रासंगिक पत्र के सम्बंध में कहना है की औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बॉंसी , बांका में CoE के अंतर्गत वर्कशॉप फेज –2 का निर्माण कार्य हेतु आपके द्वारा एकरारनामा किया गया हैं । जिसका एकरारनामा संख्या– 02SBD/2024-25 हैं। एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारंभ की तिथि –19.08.2024 एवं कार्य पूर्णता की तिथि –18. 05.2025 हैं। एकरारनामा के अनुसार आपका एकरारित समय व्यतीत हो चुका हैं, किन्तु आपके द्वारा आदिनांक कार्य 75 प्रतिशत ही हुआ हैं।

इस कार्यालय का पत्रांक –656(अनु०), दिनांक–18.12.2024 के द्वारा आपको कार्य की प्रगति में तेजी एवं ससमय पूर्ण करने हेतु निदेशित किया गया था। इस कार्यालय का पत्रांक–130(अनु०), दिनांक–27.02.2025 के द्वारा आपके द्वारा कार्य की प्रति शिथिलता , लापरवाही एवं उदासीनता के कारण स्पष्टीकरण एवं कार्य ससमय पूर्ण करने हेतु शपथ पत्र पर कार्य योजना (Work programme) समर्पित करने हेतु निदेशित किया गया था किन्तु आपके द्वारा न ही स्पष्टीकरण का जवाब दिया गया ओर न ही शपथ पत्र पर कार्य योजना समर्पित किया गया हैं।

मुख्य महाप्रबंधक की अध्यक्षता में दिनांक 04.04.2025 को अब के माध्यम से उक्त योजना के समीक्षात्मक बैठक में आपके प्रतिनिधि द्वारा सभी कार्य दिनांक–15.05.2025 तक पूर्ण करने हेतु आश्वासन दिया गया था, किन्तु दिनांक–22.05.2025 को अद्योहस्ताक्षरी के स्थल निरीक्षण के दौरान कार्य की वांछित प्रगति नही पाई गई, जो आपके द्वारा कार्य के प्रति लापरवाही का धोतक हैं।

अतः आपको अंतिम चेतावनी दिया जाता हैं कि अविलम्ब वर्क प्रोग्राम समर्पित करते हुए सभी शेष कार्यों को एक सप्ताह के अंदर पूर्ण करे तथा कारण स्पष्ट करे कि क्यों नहीं आपको आगामी निविदा में भाग लेने से वंचित कर दिया जाएँ।

विश्वासभाजन

उप महाप्रबंधक
बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि०,
पी०आई०यू० भागलपुर।

ज्ञापांक– 292 दिनांक– 23-05-2025

प्रतिलिपि– महाप्रबंधक (दक्षिण), बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड, पटना को सूचनार्थ समर्पित।

उप महाप्रबंधक,
बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0,
भागलपुर।

# उप महाप्रबंधक का कार्यालय
# बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0,
## पी0 आई0 यू0, भागलपुर।

BSBCCL

पता:– मकान सं0–121, हटिया रोड, तिलकामांझी, भागलपुर।
फोन–(0641)–3529133 Email-dgmbsbccl.bhagalpur@gmail.com


पत्रांक– 130 (अनु0) दिनांक–27.02.2025

प्रेषक,

उप महाप्रबंधक,
बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि०,
भागलपुर।

सेवा में

Ranjeet Kumar,
Gram- Padariya,
P.O.- Khakal,
Dist- Jamui

विषय:– राज्य सरकार के सात निश्चय–2 के अंतर्गत Tata Technologies के सहयोग से औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, (LWE) बौंसी, बाँका में सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस अंतर्गत Model Double Storey Prefab Structure (G+1) संरचना वाले भवन का निर्माण कार्य में प्रगति करने के संबंध में।

प्रसंग– 1.इस कार्यालय का पत्रांक– 19(अनु0), दिनांक– 04.01.2025
2.मुख्य महाप्रबंधक का ज्ञापांक–43 दिनांक– 03.01.2025

महाशय,

उपर्युक्त विषयक एवं प्रासंगिक पत्र के संबंध में कहना है कि विषयांकित योजना का निर्माण कार्य हेतु आपके द्वारा एकरारनामा 02SBD/2024–25 किया गया है, जिसके अनुसार कार्य प्रारंभ की तिथि–19.07.2024 एवं पूर्णता की तिथि– 18.04.2025 है। एकरारनामानुसार लगभग 80 प्रतिशत समय व्यतीत हो चुकी है किन्तु आपके द्वारा वर्तमान में लगभग 40 प्रतिशत ही कार्य किया गया है।

प्रासंगिक पत्र मुख्य महाप्रबंधक के ज्ञापांक–43 दिनांक– 03.01.2025 के आलोक में इस कार्यालय का पत्रांक– 19(अनु0) दिनांक– 04.01.2025 के माध्यम से दिए गए प्रत्येक चरणों का समयावधि के अनुसार वर्तमान में Brick Work, VDF Flooring , Truss Work, Plaster एवं Putty Work, तक कार्य पूर्ण हो जाना चाहिए था किन्तु आपके द्वारा सिर्फ VDF Flooring का ही कार्य पूर्ण है एवं भूतल पर Brick Work का कार्य प्रगति पर पाया गया है, जो आपके कार्य के प्रति घोर लापरवाही एवं शिथिलता का द्योतक है।

अतः आपको निदेशित किया जाता है कि उक्त योजना में समानुपातिक प्रगति प्राप्त करने हेतु युद्ध स्तर पर कार्रवाई करना सुनिश्चित करें ताकि सात निश्चय के अंतगर्त इस महत्त्वाकांक्षी योजना को ससमय पूर्ण किया जा सके एवं पत्र प्राप्ति के 03 (तीन) दिनों के अन्दर निर्धारित समय पर योजना पूर्ण करने का Work Programme इस कार्यालय को शपथ पत्र के माध्यम से अविलंब समर्पित करें।

**इसे अति आवश्यक समझे।**

अनु0–यथोक्त।

विश्वासभाजन

27/2/25

उप महाप्रबंधक,
बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0,
पी0 आई0 यु0 भागलपुर।

# उप महाप्रबंधक का कार्यालय
# बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0,
## पी0 आई0 यू0, भागलपुर।

BSBCCL

पताः– मकान सं0–121, हटिया रोड, तिलकामांझी, भागलपुर।
फोन–(0641)–2611047 Email-dgmbsbccl.bhagalpur@gmail.com


पत्रांक– 19 (अनु0) दिनांक–04.01.2025

प्रेषक,

उप महाप्रबंधक,
बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि०,
भागलपुर।

सेवा में

1. M/S Sarika Construction Pvt.Ltd.,
   औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, भागलपुर
2. M/S Om Prakash Sharma
   औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, कहलगॉव भागलपुर
3. M/s Singh Enterprises (Prop. Gopal Singh),
   महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, लकड़ीकोला बांका
4. Ranjeet Kumar
   औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बौंसी, बांका

विषयः– राज्य सरकार के सात निश्चय–2 के अंतर्गत Tata Technologies के सहयोग से औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस अंतर्गत Model Double Storey Prefab Structure (G+1) को निर्माण करने की योजना को ससमय क्रियान्वयन के संबंध में।

प्रसंग– मुख्य महाप्रबंधक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, बिहार पटना के ज्ञापांक–43, दिनांक–03.01.2025

महाशय्

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संबंध में कहना है कि आपसभी एकरारित संवेदक के द्वारा वर्तमान मे औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के परिसर में सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस के रुप में वर्क शॉप एवं टेक लैव को विकसीत करने का क्रियान्वयन वर्तमान मे कराया जा रहा है। यह बिहार सरकार की एक महत्वांकांक्षी योजना है। तथा इन सभी योजनाओं को ससमय एवं गुणवत्तापूर्ण कराना आपका दायित्व है।

उपरोक्त योजनाओं की ससमय पूर्णता के उद्धेश से योजना के प्रत्येक चरणों हेतु प्रासंगिक पत्र मुख्य महाप्रबंधक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, बिहार पटना के ज्ञापांक–43, दिनांक–03.01.2025 के द्वारा समय अवधि **(Time Line)** निर्धारित किया गया है।

अतः आप सभी एकरारित संवेदकों को निदेशित किया जाता है कि उक्त योजनाओं के प्रत्येक चरण की पूर्णता उपरोक्त अवधि के अंदर कराना सुनिश्चित करेगें। पत्र निर्गत से एक माह के पश्चात उक्त योजना का चरणों वार समीक्षा की जाएगी। निर्धारित **(Time Line)** के अनुसार प्रगति नही पाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

अनुलग्नक– प्रासंगिक पत्र की छायाप्रति संलग्न।

विश्वासभाजन

4/1/25

उप महाप्रबंधक,
बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0,
पी0 आई0 यु0 भागलपुर।

BSBCCL

# उप महाप्रबंधक का कार्यालय
# बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0,
## पी0 आई0 यू0, भागलपुर।

पताः– मकान सं0–121, हटिया रोड, तिलकामांझी, भागलपुर।

फोन–(0641)–3529133 Email-dgmbsbccl.bhagalpur@gmail.com

पत्रांक– 656 दिनांक– 18/12/2024

प्रेषक,

उप महाप्रबंधक,
बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि०,
भागलपुर।

सेवा में

Ranjeet Kumar,
Gram- Padariya,
P.O.- Khakai,
Dist- Jamui

विषयः– राज्य सरकार के सात निश्चय–2 के अंतर्गत Tata Technologies के सहयोग से औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, (LWE) बौंसी, बाँका में सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस अंतर्गत Model Double Storey Prefab Structure (G+1) संरचना वाले भवन का निर्माण कार्य में प्रगति धीमी रहने के संबंध में।

महाशय्

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि विषयांकित योजना का निमार्ण कार्य कारया जा रहा है। एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारंभ की तिथि 19.07.2024 तथा कार्य पूर्णता की तिथि– 18.05.2025 है। लगभग 55 प्रतिशत समय व्यतित हो चुका है परन्तु कार्य की प्रगति मात्र 25 प्रतिशत ही है।

इस कार्यालय के विभिन्न पदाधिकारियों द्वारा मौखिक एवं स्थल निरीक्षण के दौरान कई बार कार्य में तेजी लाने हेतु निर्देश दिया गया किन्तु आपके द्वारा कोई वांछित कार्रवाई नहीं की गई । आपको ज्ञातव्य हो कि माननीय मुख्यमंत्री के प्रमुख योजनाओं में से ये एक योजना है जिनकी समीक्षा वरीय पदाधिकारियों द्वारा लगातार किया जाता है।

अतः आपको निदेशित किया जाता है कि विषयांकित योजना के कार्य प्रगति में तेजी लाने हेतु मानवबल बढ़ा कर एकरारनामा के अनुसार ससमय पूर्ण करेगें अन्यथा नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

विश्वासभाजन

(हस्ताक्षर) 18/12/24

उप महाप्रबंधक,
बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0,
पी0 आई0 यु0 भागलपुर।